अब बेव पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश(लखनऊ एवं आगरा) व उत्तराखण्ड से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं. -यूपीएचआईएन/2011/37605

श्री क्षीरेश्वर महादेव ज्योतिर्लिङ्ग
(तेरहवां ज्योतिर्लिङ्ग)
एन.एच.-28, बाराबंकी



माता क्षीरेश्वरी देवी



दैनिक
राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 6 अंक : 327 | लखनऊ, रविवार, 11 जून, 2017 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

# दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

**राष्ट्रीय प्रस्तावना**

**लखनऊ।** प्रख्यात वैज्ञानिक, पर्यावरणविद एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेण्ट साइन्सेज लखनऊ के महानिदेशक डॉ0 भरत राज सिंह द्वारा तकनीकी विषयों पर लिखी गयी दो पुस्तकों का प्रो0 विनय पाठक ने अपने कार्यालय में विमोचन किया।

विमोचन कार्यक्रम में उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि यह पुस्तके प्राविधिक शिक्षा के शोध कार्यों में अत्यन्त सहयोग करते हुए मील का पत्थर साबित होगी। गौरतलब है कि पहली पुस्तक डेवलपमेण्ट एण्ड एनालिसिस ऑफ, नावेल एयर इंजन जो वर्तमान व भविष्य में वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग से कार्बन प्रतिशत घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी तथा शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

यह पुस्तक विश्व के ख्याति प्राप्त विक्रेता एमेजन तथा अन्य प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं पर उपलब्ध है। डॉ0 सिंह की दूसरी पुस्तक जिसका शीर्षक ए हैण्ड बुक ऑन फ्रिक्सन स्टायर बिल्डिंग है, पर लिखी गयी है, वर्तमान में भारत व विश्व के कई विश्वविद्यालयों इसे प्राविधिक शिक्षा के



पाठयक्रमों में सम्मिलित कर चुके है तथा यह पुस्तक नवीनतम तकनीकी द्वारा हवाईजहाज, पन्डुबियों एवं रॉकेट आदि में उपयोग होने वाले धातुओं के वेल्डिंग में अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी तथा शोधार्थियों को भी मदद पहुँचायेगी। यह पुस्तक भी विश्व के ख्याति प्राप्त विक्रेता एमेजन तथा अन्य प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं पर उपलब्ध है।